28–03–2019

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के संभाग तृतीय में प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय था – How to Make Careers in Aviation Industries" अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी की प्रेरणा से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समय–समय पर अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं । इसी श्रृंखला में यह सेमिनार प्रबंधन विभागाध्यक्षा डॉ. शिल्पा गोयल एवं उनके सहयोगी प्रवक्ताओं के सराहनीय प्रयासों से सफल हुआ । श्रीमती हिना नागपाल, CEO, Freon Institute, Faridabad और श्रीमती दीप्ति सचदेवा, केंद्रीय प्रबंधक, Freon Institute, Faridabad मुख्य रूप से उपस्थित थीं । श्रीमती हिना नागपाल ने विद्यार्थियों को Aviation के बारे में संक्षिप्त रूप में समझाया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को Audio-Visual Aid के माध्यम से सम्बोधित करते हुए Aviation Industry का भविष्य भारत में कैसा होगा बताया। उन्होंने बताया कि Aviation Industry विद्यार्थियों को किस तरह से रोजगार देने में सहायक है। यह सेमिनार पारस्परिक था। विद्यार्थियों में इसमें बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। अन्त में डॉ. शिल्पा गोयल ने उपस्थित सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया ।